भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.04.2025

आरेडिका में मनाया गया वर्ल्ड हेरीटेज डे

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में "वर्ल्ड हेरीटेज डे" पर सेन्ट्रल पार्क के पास बने रेलकोच हेरीटेज पार्क पर महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन तथा चीफ प्लांट इंजीनियर आनन्द प्रकाश सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

आरेडिका प्रशासन के द्वारा इस हेरीटेज पार्क पर रेलवे के कोचों एवं इंजनों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है जो रेलवे की अनमोल विरासतों का संरक्षण कर रहा है साथ ही साथ लोगों को रेलवे की भूली–बिछड़ी यादों से जोड़कर लोगों के मन को मोहित भी करता है।

भारत एक विविधताओं से भरा देश है क्योंकि यहाँ दुनियां की अनेक सभ्यताओं संस्कृतियों, वनस्पतियों एवं जीव–जन्तुओं को पलने और पनपने का अवसर मिला। यह देश अपनी पौराणिक मान्यताओं, मंदिरों, त्योहारों, ऐतिहासिक भवनों, किलों, स्मारकों, नृत्यकलाओं, युद्ध–विधाओं, स्थानीय कलाओं, त्यौहारों, मेलों वनस्पतियों एवं जीव–जन्तुओं आदि के लिए जाना जाता है। भारत की इन गौरवशाली धरोहरों से देश दुनिया के जन मानस को परिचित कराने एवं इनके संरक्षण के उद्देश्य से यूनेस्को के सहयोग से हर साल 18 अप्रैल के दिन को "विश्व विरासत दिवस" के रूप में मनाया जाता है ताकि लोगों को अपने पूर्वजों द्वारा छोड़ी गयी अनमोल धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

आदित्य प्रकाश, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता एवं सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों विश्वेश्वर प्रसाद, विवेकानंद, दीपक, अरविंद ओझा, धर्मेंद्र, गिरीश, भारतेंदु, प्रियंका, श्रेया, द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कॉलोनी के बच्चों ने हेरिटेज प्रदर्शनी का भरपूर आनंद उठाया तथा लगाए गए पोस्टर प्रदर्शनी से अपनी विरासत से परिचित हुए।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण,कर्मचारी प्रतिनिधिगण,कर्मचारी एवं उनके परिवार उपस्थित रहे।

18/04/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)

जन संपर्क अधिकारी